रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 363] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 22, 2013/आषाढ़ 31, 1935
No. 363] NEW DELHI, MONDAY, JULY 22, 2013/ASHADHA 31, 1935

IndiaCode

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 2013

सा.का.नि. 498(अ).—खादी और ग्रामोद्योग आयोग, खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 61) की धारा 15 की उप धारा (2) के खंड (ट) के साथ पठित धारा 27 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :

अध्याय I
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना:**– (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम खादी चिह्न विनियम, 2013 है।

(2) ये 2 अक्तूबर, 2013 को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये विनियम उन व्यक्तियों पर लागू होंगे जो *खादी* के उत्पादन, बिक्री या *खादी* और *खादी* उत्पादों के व्यापार में लगे हुये हैं या जो *खादी* के उत्पादन और खादी उत्पादों की बिक्री या व्यापार करने के इच्छुक हैं तथा उन प्रमाणित खादी संस्थाओं पर जिनके पास खादी और ग्रामोद्योग आयोग विनियम, 2007 के विनियम 24 के उप-विनियम (2) के साथ पठित खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 की उप धारा (2) के खंड (ट) के अधीन जारी वैध प्रमाण पत्र है।

2. **परिभाषाएं:**– इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "प्रत्यायित अभिकरण" से इन विनियमों के अध्याय V के अधीन आयोग द्वारा लगाया गया अभिकरण अभिप्रेत है;

(ख) "अधिनियम" से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 61) अभिप्रेत है;

(ग) 'प्रमाणित खादी संस्था' से खादी संस्थान अभिप्रेत है जो वित्तीय तथा तकनीकी सहायता के लिए आयोग या खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड में सूचीबद्ध है और उसे खादी और ग्रामोद्योग विनियम, 2007 के विनियम 24 के उप विनियम (1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 15 की उप धारा (2) के खंड (ट) के अंतर्गत आयोग द्वारा जारी ऐसे प्रमाणन के लिए संहिता के अनुसार वैद्य खादी प्रमाण पत्र जारी किया गया है;

(घ) "आयोग" से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 61) की धारा 4 के अधीन गठित खादी और ग्रामोद्योग आयोग अभिप्रेत है;

(ड.) "समिति" से विनियम 9 के क्रमशः उप-विनियम (1) और उप-विनियम (2) के अधीन गठित यथास्थिति केन्द्रीय खादी चिह्न समिति या आंचलिक खादी चिह्न समिति जो भी उपयुक्त हो, अभिप्रेत है;

(च) "प्ररुप" से इन विनियमों की अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररुप अभिप्रेत है ;

(छ) "खादी" का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 2 के खंड (घ) में यथा समनुदेशित है;

(ज) "खादी चिह्न" से *खादी* और *खादी* उत्पादों की प्रत्येक मद पर केन्दीय खादी चिह्न समिति द्वारा यथा विनिर्दिष्ट तथा किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग की जाने वाली या प्रमाणित खादी संस्था द्वारा खादी की वास्तविकता को अधिप्रमाणित करने वाले विनियम 22 के अधीन पंजीकृत चिह्न है;

(झ) "खादी उत्पाद" से *खादी* से बनाये गये या *खादी* को उपयोग में लाये गये कोई उत्पाद अभिप्रेत है;

(ञ) "खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड" से तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किया गया खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड अभिप्रेत है;

(ट) "विपणन अभिकरण" में कोई ऐसा संगठन सम्मिलित है जिसने आयोग के पास अधिनियम की धारा 15 की उप-धारा (2) के खंड (घ) में यथा उपबंधित खादी और ग्रामोद्योग के विपणन उत्पाद के लिए धीरे-धीरे संबंध स्थापित किए हैं;

(ठ) "व्यक्ति" से खादी के उत्पादन, बिक्री या खादी और खादी उत्पादों के व्यापार में या इनके संयोजन में लगे व्यक्ति अभिप्रेत है तथा इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं

(i) कोई व्यष्टि;
(ii) हिंदू अविभक्त कुटुम्ब;
(iii) कंपनी;

(iv) फर्म;

(v) व्यक्तियों का संघ या व्यक्ति निकाय, चाहे निगमित हो या न हो ;

(vi) किसी पूर्ववर्ती उप-खडों के भीतर न आने वाले प्रत्येक कृत्रिम या न्यायिक व्यक्ति;

(vii) कोई अभिकरण, जिसका कार्यालय या शाखा उसी व्यक्ति के स्वामित्व में हो या नियंत्रण में हो;

(ड) 'नियम' से अधिनियम की धारा 26 के अधीन बनाए गए खादी और ग्रामोद्योग आयोग नियम, 2006 अभिप्रेत है;

(ढ) "एस- ट्विस्ट सूत" या "उल्टा बट सूत" का तात्पर्य उस सूत से है जिसको जब ऊर्ध्वस्थ (खड़ी) स्थिति में रखा जाता है, उस सूत की धुरी से तंतु झुकाव अंग्रेजी अक्षर 'एस' के मध्य भाग के ढलान के अनुरूप होता है जो हाथ कते सूत की एक विशेषता होती है।

अध्याय- 2

खादी चिह्न के उपयोग के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत

3. **खादी चिह्न के बिना *खादी* के संबंध में साधारण प्रतिषेध** - किसी भी वस्त्र का किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा *खादी* के रुप में इन विनियमों के अधीन आयोग द्वारा जारी किये गये खादी चिह्न टैग या लेबल को धारण किये बिना किसी रूप या रीति से *खादी* या *खादी* के उत्पादनों की बिक्री या अन्यथा व्यापार नहीं किया जा सकेगा ।

4. **खादी चिह्न का उपयोग करने के लिए बाध्यता**- कोई भी संस्था या व्यक्ति जो खादी की बिक्री के व्यापार में लगी है , *खादी* या *खादी* उत्पादों को उपाप्त नहीं करेगी, जब तक कि ऐसी *खादी* या *खादी* उत्पाद इन विनियमों के अधीन जारी किये गये खादी चिह्न का टैग या लेबल धारण नहीं करती है ।

5. **जनता के लिए व्यक्तियों या संस्थाओं के प्रकटीकरण की बाध्यताएँ**- प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जो *खादी* या खादी उत्पादों के व्यापार में लगी है, उत्पादों पर सूत का अंक, किस्म जिसमें कि उत्पाद सूती, ऊनी, सिल्क या उसके संयोजन की श्रेणी है, प्रदर्शित करेगी, उत्पादन करने वाली संस्था का नाम, उत्पादन का वर्ष और स्थान और उसके बेहतर विक्रय के अनुपात के लिये यथावश्यक उत्पादनों पर ऐसी अन्य सूचना दर्शायेगी और ग्राहकों की माँग पर उन्हें सूचित करने हेतु प्रति इंच

IndiaCode

का छोर, प्रति इंच को बिनना और चौड़ाई के साथ वास्तविक निर्माण के ब्यौरे का अभिलेख भी रखेगी।

6. **साधारण बाध्यता** - (1) प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जिसके पास खादी चिह्न का रजिस्ट्रेशन है वह खादी और खादी उत्पाद की प्रत्येक वस्तु पर आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाने वाला खादी चिह्न टैग या लेबल या दोनों लगाएगा।

(2) *खादी* उत्पादन करने वाला प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था कारीगरों का रजिस्टर रखेगी जिसे आयोग या यथास्थिति समिति अथवा आयोग द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अभिकरण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) *खादी* उत्पादन करने वाला प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था कच्चे मालों के उपापन का रजिस्टर रखेगा जिसमें उपाप्त की गई कच्चे माल का स्रोत और मात्रा दर्शायी होगी और कारीगरों को जारी की गयी मात्रा, रूपांतरण रजिस्टर जिसमें उपभुक्त कच्ची सामग्री और तैयार माल का उत्पादन दर्शाया होगा और माल का प्रेषण रजिस्टर होगा।

(4) *खादी* उत्पादन करने वाला प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था आयोग को वास्तविक रूप से कच्चे माल का और तैयार मालों का अंतिम स्टॉक दर्शाने वाला तिमाही विवरण स्थानवार दर्शायेगा और वास्तविक रुप से तैयार मालों का, आयोग को संबंधित राज्य या मंडलीय कार्यालयों के माध्यम से यथास्थिति प्रस्तुत करेगी जो उन पर अपनी टिप्पणी, दस्तावेजों को प्रतिहस्तांतरित करते समय अभिलेखित करेंगे।

(5) *खादी* उत्पादन करने वाला व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जिसे स्टॉक का, स्टॉक रजिस्टर उचित रूप से रखा नहीं पाया जाता है, जैसा कि उस व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था के पास पाया जाता है तो वह ऐसी विसंगति के लिए आयोग को स्पष्टीकरण देने हेतु उत्तरदायी होगा और वह खादी चिह्न के उपयोग करने के अधिकार के निलंबन या रदद्करण की कार्यवाही होने के लिए दायी होगा।

(6) आयोग इन विनियमों के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए *खादी* उत्पादन करने वाले व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को कोई अन्य अभिलेख भी बनाये रखने के लिए अपेक्षा कर सकेगा जो इन विनियमों के कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित हो सके और व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था आयोग द्वारा समय-समय पर जारी होने वाले निदेशों का अनुपालन करने का उत्तरदायी होगा।

अध्याय - 3

खादी से संबंधित व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था की साधारण बाध्यताएं

7. जब तक कि अभिव्यक्त रूप में उपबंधित नहीं है तब तक बिजली के उपयोग पर प्रतिषेधः- (1) इन विनियमों के अधीन जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यतः निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए बिजली का उपयोग करने पर प्रतिषेध है अर्थात्:-

(क) पारंपरिक चरखा (एक तकुआ) या बहु तकुआ चरखा या कतान या रील के लिये रीलिंग बेसिन पर, सूती या ऊनी या रेशम या तो एकल रूप से या उनके उपयुक्त मिश्रण से कताई;

(ख) कपड़ा बुनाई के लिए, पारंपरिक करघा या उन्नत करघा चलाना, जिसमें हाथ कता या हाथ से रीलींग हुआ सूत (सूती या ऊनी या रेशमी या तो एकल रूप से या उनके उपयुक्त मिश्रण से) ताने और बाने दोनों में उपयोग किया हो;

(2) एस-ट्विस्ट/उल्टा बट सूत केवल हस्त कताई द्वारा *खादी* उत्पादन के लिए उपयोग में लाना।

8. खादी चिह्न के उपयोक्ताओं के लिए पूर्व-शर्तः- (1) *खादी* बिक्री करने के इच्छुक कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था इस अधिनियम के अधीन यथा परिभाषित प्राकृतिक रेशे के उपयोग द्वारा हाथ कताई और हाथ बुनाई प्रक्रिया के जरिए *खादी* उत्पादन करेगी या इन विनियमों के अधीन जारी किये गये वैध खादी चिह्न वाली संस्था या व्यक्ति से *खादी* का क्रय करेगा।

(2) *खादी* के उत्पादन एवं बिक्री में लगा हुआ कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था के पास उत्पादन और बिक्री की मूलभूत सुविधायें तथा *खादी* के उत्पादन के लिए कारीगर होने चाहिए जो आयोग द्वारा अवधारित किया जाए।

(3) *खादी* के व्यापार या *खादी* उत्पाद में लगा हुआ कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जिनके पास वैध खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण है, इन विनियमों के अधीन जारी किये गये व्यक्ति प्रमाणित खादी संस्था से *खादी* उपाप्त करेगा और ऐसी खादी और *खादी* उत्पाद का उपापन स्रोत घोषित करेगा और दर्शाएगा।

(4) खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण प्राप्त करने के इच्छुक कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था विनियम 22 के अन्तर्गत प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(5) कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जिसने खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण को प्राप्त करने या उसके नवीनीकरण लिए आवेदन किया है, इन विनियमों के अधीन यथा विनिर्दिष्ट स्वयं परीक्षण के अध्यधीन होगा।

अध्याय- 4

समितियों का गठन और उनके कार्य

9. केन्द्रीय खादी चिह्न समिति और आंचलिक खादी चिह्न समितियों का गठनः-

(1) आयोग, विनियम 11 के उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट कृत्यों के निष्पादन के प्रयोजन से *खादी* और *खादी* उत्पादों की वास्तविकता सुनिश्चित करने के लिए खादी चिह्न जारी पंजीकरण करने के प्रयोजन से एक केन्द्रीय खादी चिह्न समिति का गठन करेगा।

(2) आयोग इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये नियमों में विनिर्दिष्ट, विनियम 11 के उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट कृत्यों के निष्पादन के प्रयोजनों से प्रत्येक अंचल के लिए आंचलिक खादी चिह्न समिति गठित करेगा।

10. केन्द्रीय खादी चिह्न समिति और आंचलिक खादी चिह्न समितियों का गठनः-

(1) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति में एक अध्यक्ष और निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात्:-

(क) आयोग द्वारा नियुक्त किये जाने वाला ऐसा वृत्तिक विशेषज्ञ जिसे खादी के क्षेत्र में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो - अध्यक्ष ;
(ख) आयोग का वित्तीय सलाहकार या उसका नामनिर्देशिती - पदेन सदस्य ;
(ग) भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष का प्रतिनिधि - पदेन सदस्य ;
(घ) आयोग के विधि मामले का प्रभारी निदेशक - पदेन सदस्य ;
(ड.) विपणन का प्रभारी निदेशक-पदेन सदस्य;
(च) निदेशक, महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान का निदेशक या उसका प्रतिनिधि जो उपनिदेशक की पंक्ति से नीचे का न हो - पदेन सदस्य;
(छ) भारतीय मानक ब्यूरो का महानिदेशक या उसका प्रतिनिधि जो निदेशक की पंक्ति से नीचे का न हो - पदेन सदस्य;
(ज) गुणता आश्वासन, पूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय-महानिदेशक या उसका प्रतिनिधि जो निदेशक की पंक्ति से नीचे का नहीं हो-पदेन सदस्य;

(झ) राष्ट्रीय गुणवत्ता संवर्धन बोर्ड का निदेशक या उसका प्रतिनिधि जो उप निदेशक की रैंक से कम न हो - पदेन सदस्य;

(ञ) आयोग द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रतिष्ठित संस्थान से *वस्त्रोद्योग प्रौद्योगिकी* या इंजिनियरी का विशेषज्ञ - पदेन सदस्य ;

(ट) सरकारी प्रयोक्ता संगठनों से एक प्रतिनिधि-पदेन सदस्य;

(ठ) केन्द्रीय प्रमाणन आयोग समिति का प्रभारी निदेशक - पदेन संयोजक सदस्य।

(2) आंचलिक खादी चिह्न समिति निम्नलिखित अध्यक्ष और सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

(क) आयोग का आंचलिक सदस्य -पदेन अध्यक्ष;

(ख) चक्रानुक्रम पर अंचल के आयोग के तीन राज्य या मंडलीय कार्यालयों के प्रभारी निदेशक - पदेन सदस्य;

(ग) चक्रानुक्रम पर अंचल के तीन राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी या प्रबंध निदेशक या सचिव या सदस्य-सचिव या प्रभारी कार्यकारी अधिकारी - पदेन सदस्य;

(घ) चक्रानुक्रम पर अंचल की तीन संस्थाओं में से एक-एक प्रतिनिधि - पदेन सदस्य ;

(ड.) आयोग के राज्य कार्यालय, जहाँ आंचलिक कार्यालय स्थित है, का उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी या निदेशक - पदेन सदस्य-संयोजक ;

11. **समितियों के कार्य**:- (1) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति निम्न कृत्यों का निष्पादन करेगी अर्थात्:-

(क) खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण जारी करना, निलंबित करना, रद्द करना तथा प्रत्यावर्तित करना;

(ख) *खादी* और *खादी* उत्पादों के परीक्षण के लिये प्रक्रियायें और पद्धतियाँ अधिकथित करना;

(ग) आंचलिक खादी चिह्न समितियों का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करना और खादी चिह्न से संबंधित मामलों पर आयोग को सलाह देना;

(घ) खादी चिह्न के सम्बन्ध में लेखा परीक्षा या स्थल लेखा परीक्षा, निरीक्षण और ऐसी ही संभाव्यता का आयोजन करना;

(ड.) प्रत्यायित अभिकरणों या विपणन अभिकरणों के किसी क्रियाकलाप या कार्यवाहियों द्वारा व्यथित संस्थाओं या प्रमाणित खादी संस्था द्वारा दर्ज की गई किसी शिकायत को प्राप्त करना और उस पर अपना निर्णय लेना।

(2) आंचलिक खादी चिह्न समिति निम्न कृत्यों का निष्पादन करेगी, अर्थात्:-

(क) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति द्वारा व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को जारी किये गये खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण का नवीनीकरण करना;

(ख) प्रत्यायित अभिकरणों द्वारा किये जाने वाले खादी चिह्न प्रक्रिया के सत्यापन और नमूना परीक्षण के लिए कार्यक्रम का आयोजन अथवा प्रबंध करना;

(ग) खादी चिह्न टैग या लेबल आयोग के राज्य और मंडलीय कार्यालयों या आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्राधिकृत अभिकरणों को वितरण के लिये जारी करना;

(घ) खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में लेखा परीक्षा या स्थल लेखा परीक्षाओं और निरीक्षणों का आयोजन करना;

(ड.) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति द्वारा उसे समनुदेशित किन्ही अन्य कृत्यों का निष्पादन करना;

12. समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों की पदावधिः-

(1) यथास्थिति केन्द्रीय खादी चिह्न समिति या आंचलिक खादी चिह्न समितियों के पदेन-सदस्य को छोड़कर अध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य अपनी नियुक्ति की तारीख से पांच वर्ष की अवधि या आयोग के प्रसादपर्यंत जो भी पूर्ववर्ती हो, पद धारण करेगा;

(2) समिति का कोई भी कृत्य या कार्यवाही उसके सदस्यों में से किसी रिक्ति के विद्यमान होने या उसके किसी दोषपूर्ण गठन के द्वारा अविधिमान्य नहीं होगी ।

13. समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों की निरर्हताएंः-

कोई भी व्यक्ति इन विनियमों के अधीन किसी समिति का सदस्य बने रहने के लिए निरर्हित (अयोग्य) होगा, यदि वह -

(क) केन्द्रीय सरकार की राय में सहभागी नैतिक दुराचरण को अंतर्ग्रस्त करने वाले किसी अपराध के लिए दोषी पाया गया है;

(ख) दिवालिया हो गया है;

(ग) विकृत चित्त का हो गया है;

(घ) आयोग द्वारा की गई किसी विद्यमान संविदा या किये जा रहे किसी कार्य में या इन दोनों में से कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 3 में यथा परिभाषित कम्पनी का शेयर धारक (निदेशक से भिन्न) की हैसियत के सिवाए खादी चिह्न समिति में कोई वित्तीय हित रखता है:

परंतु जहॉ पर वह ऐसी कंपनी में शेयरधारक है, तो वह अपने शेयरधारिता का स्वरूप और विस्तार आयोग को प्रकट करेगा;

(ड.) *खादी* और *खादी* उत्पादों संबंधी किसी अन्य क्रिया-कलाप या इन विनियमों में विनिर्दिष्ट किये गये या समझे गये विनिर्दिष्ट उद्योग के साथ व्यवहार करने के किसी कारोबार में उसका कोई हित है;

(च) आयोग की राय में उसके कर्तव्यों का निर्वहन करने में असफल रहा है या असमर्थ है या समिति की अनुमति के बिना समिति की तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहता है ।

14. **समितियों के अध्यक्ष तथा सदस्यों द्वारा पद से त्यागपत्र देना:-** समिति का अध्यक्ष और पदेन सदस्य को छोड़कर प्रत्येक सदस्य आयोग को लिखित में सूचना द्वारा अपने पद से अपना त्यागपत्र दे सकता है और आयोग द्वारा ऐसे त्यागपत्र की स्वीकृति करने पर, ऐसे सदस्यों का पद रिक्त हुआ समझा जायेगा ।

15. **अध्यक्ष और सदस्यों को देय बैठक फीस :** (1) पदेन सदस्यों से भिन्न, समितियों के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों को समय-समय पर आयोग द्वारा यथानिर्धारित ऐसी बैठक फीस दी जाएगी।

(2) समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यगण, समिति की बैठक में उपस्थित रहने के लिए यात्रा करने हेतु और इस निमित्त समय-समय पर केंद्रीय सरकार या आयोग द्वारा जारी किये गये आदेशों तथा अनुदेशों के अनुसार, समिति द्वारा उन्हें समनुदेशित किये जाये, ऐसे कर्तव्यों के निवर्हन के प्रयोजनों से यात्रा तथा दैनिक भत्ता पाने के हकदार होंगे ।

16. **समिति का कार्यालय:-** केन्द्रीय खादी चिह्न समिति का कार्यालय आयोग के मुख्यालय में और आंचलिक खादी चिह्न समिति का कार्यालय संबंधित अंचल के मुख्यालय में होगा।

17. **समिति की बैठकें:-** (1) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति की बैठक ऐसे अंतरालों पर होगी जो आयोग द्वारा विनिश्चित की जाए।

(2) आंचलिक खादी चिह्न समिति की बैठक ऐसे अंतरालों पर होगी जो आयोग द्वारा विनिश्चित की जाए।

(3) समिति का अध्यक्ष बैठक की कार्य सूची पहले से विनिश्चित करेगा।

(4) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, उपस्थित सदस्यों द्वारा उनमें से चुना गया सदस्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगा ।

(5) प्रत्येक समिति की एक-तिहाई या पाँच सदस्य, जो भी अधिक हो, उससे बैठक की गणपूर्ति पूरी करेंगे।

(6) यदि समिति की किसी बैठक में गणपूर्ति पूरी नहीं होती है तो अध्यक्ष ऐसी बैठक को अन्य तारीख तक स्थगित करेगा और ऐसी किसी स्थगित हुई बैठक के कार्यक्रम का निपटान स्थगित बैठक में उपस्थित रहने वाले सदस्यों की संख्या का ध्यान किए बिना किया जाएगा।

परंतु स्थगित बैठक कम से कम सात दिनों के बाद नियत की जाएगी और ऐसी स्थगित हुई बैठक की तारीख, समय और स्थान के बारे में सभी सदस्यों को सूचित किया जाएगा।

अध्याय-5
प्रमाणन के लिए प्रक्रिया

18. **प्रत्यायित अभिकरणों को काम में लगाना** :- (1) आयोग भारतीय मानक ब्यूरो, राष्ट्रीय प्रत्ययन प्रमाणन निकाय बोर्ड तथा इस प्रयोजन से केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी अन्य संगठन के परामर्श से ऐसे प्रत्यायित अभिकरणों को काम में लगा सकता है जैसा कि आयोग खादी और खादी उत्पादों के सत्यापन एवं परीक्षण करने के लिए आवश्यक समझता है।

(2) विनियोजन के लिए किसी प्रत्यायित अभिकरण को परखते और सिफारिश करते वक्त आयोग उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक संगठन से कम से कम एक व्यक्ति के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देगा।

(3) प्रत्यायित अभिकरण को उनके विनियोजन के लिये ऐसा पारिश्रमिक संदत्त किया जायेगा जैसा कि आयोग समय-समय पर विनिश्चय करे।

19. **प्रत्यायित अभिकरणों की पात्रता**:- कोई भी व्यक्ति जो सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882, कंपनी अधिनियम 1956, सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 या किसी तत्समय प्रवृत्त राज्य विधान के अधीन रजिस्ट्रीकृत है, जिनके पास स्थल सत्यापन, डाटा संग्रह और नमूनों के परीक्षण सहित खादी से संबंधित क्रियाकलापों में कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव है, वह विनियम 18 के अधीन प्रत्यायित अभिकरणों के रूप में नियुक्ति का पात्र होगा ।

20. प्रत्यायित अभिकरणों के कृत्यः- प्रत्यायित अभिकरणों के निम्नलिखित कृत्य होंगे-

(क) हाथ से कते और हाथ से बुनाई की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए व्यक्ति के उत्पादन केंद्रों के परिसरों पर स्थल सत्यापन का संचालन करना;

(ख) *खादी* की वास्तविकता को सुनिश्चित करने लिए केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा रजिस्ट्रीकृत प्रयोगशालाओं के माध्यम से, व्यक्तियों द्वारा उत्पादित या बिक्री *खादी* और *खादी* उत्पादों के नमूनों के परीक्षण का संचालन या प्रबंध करना;

(ग) खादी और खादी उत्पाद के सत्यापन के लिए यथा उपलब्ध ऐसे फार्म में प्रमाण पत्र जारी करना, और

(घ) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति के परामर्श से आयोग द्वारा उन्हें समनुदेशित कोई अन्य आनुषंगिक या अनुषंगी कार्य;

21. प्रमाणन के लिए आयोग का अधिकारः- उपर्युक्त किसी बात पर ध्यान दिए बगैर आयोग को उपर्युक्त विनियम 20 में दिए कृत्यों के निष्पादन का अधिकार होगा, यदि प्रत्यायित अभिकरण के कृत्यों की किसी कमी की स्थिति में प्रत्यायित अभिकरण अपने कृत्यों के निष्पादन में असफल रहता है।

अध्याय-6
खादी चिह्न का रजिस्ट्रीकरण

22 खादी चिह्न के रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रक्रियाः- (1) कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जो खादी चिह्न का रजिस्ट्रीकरण करने का इच्छुक है, तो उसे उप-विनियम (2) में यथाविनिर्दिष्ट प्ररुप और रीति में आवेदन करेगा।

(2) खादी चिह्न के लिए आवेदनः-

(क) प्ररुप-1 में, खादी चिह्न के लिए प्रमाणित खादी संस्था के रजिस्ट्रीकरण के मामले में;

(ख) प्ररुप-2 में, आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित फीस के साथ खादी चिह्न के लिए व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण में; और

(ग) प्ररुप-3 में, व्यक्तियों या प्रमाणित खादी संस्थाओं के लिए खादी चिह्न के नवीनीकरण के मामले में।

(3) इस विनियम के अधीन प्राप्त आवेदन की संवीक्षा समिति द्वारा की जायेगी और तत्पश्चात् निश्चित हस्त कताई, हस्त बुनाई और प्राकृतिक रेशे के उपयोग को आंकने हेतु सत्यापन प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

(4) प्रत्येक आवेदक प्रत्यायित अभिकरणों द्वारा *खादी* नमूनों को परखने की प्रक्रिया, सत्यापन और परीक्षण करवाएगा ।

(5) आवेदक जो इन विनियमों के अधीन अधिकथित शर्तों का पालन करेंगे, उन्हें खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण यथास्थिति जारी या नवीकरण किया जायेगा।

(6) खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण पर व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था खादी चिह्न टैग या लेबल के उपयोग हेतु प्राधिकृत होगा।

(7) खादी चिह्न का रजिस्ट्रीकरण प्रत्येक पाँच वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया जाएगा और नवीकरण के लिए आवेदन, उप-विनियम (2) के पैरा (ग) में विनिर्दिष्ट प्ररुप में उसकी समाप्ति की तारीख से पूर्व छः मास के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा।

(8) इन विनियमों के उपबंधों के भंग करने या अननुपालन के मामले में, केंद्रीय खादी चिह्न समिति, व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को इस सम्बन्ध में सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद, खादी चिह्न टैग या लेबल का उपयोग करने के संस्था के अधिकार समेत खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण को निलंबित या रद्द कर सकता है।

(9) प्रमाणित खादी संस्था को खादी संस्थाएं उप विनियम (2) में यथा विनिर्दिष्ट प्ररुप एवं रीति से खादी चिह्न के लिए आवेदन करेंगी। तथापि प्रमाणित खादी संस्थाओं को इन विनियमों के अध्याय-5 के अधीन प्रमाणन प्रक्रिया से छूट प्राप्त है।

अध्याय-7

व्यक्तियों तथा प्रमाणित खादी संस्थाओं के खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण का निलंबन तथा रद्दकरण

23. **खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण का निलंबन :** (1) व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था द्वारा इन विनियमों के किन्हीं उपबंधों के उल्लंघन के मामले में अतिक्रामक को कम से कम एक माह का नोटिस देते हुए, केन्द्रीय खादी चिह्न समिति को इन विनियमों के अनुसार, व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को मंजूर किया गया खादी चिह्न के उपयोग का अधिकार छः मास से अनधिक अवधि के लिए निलंबित करेगा।

परंतु समिति निलंबन की अवधि को छः मास तक की अतिरिक्त अवधि बढ़ाया जा सकता है और अतिक्रमणों को सुधारने में विफल रहने पर खादी चिह्न के उपयोग को रद्द करने का कारण बनेगा।

(2) व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था जिसका खादी चिह्न टैग या लेबल का उपयोग करने का अधिकार निलंबित किया गया है, वह आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष निलंबन के आदेश के प्रतिसंहरण के लिए आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित एक फीस के भुगतान पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

(3) आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आवेदन प्राप्त होने पर व्यथित व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था की सुनवाई की कार्यवाही करेगा और ऐसा आदेश अपील की प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों के भीतर पारित करेगा जिसे वह उचित आवेदन अपील समझे।

(4) किसी व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था द्वारा उल्लंघन की दो लगातार घटना होने के मामले में, खादी चिह्न टैग या लेबल का उपयोग करने का अधिकार रद्द किया गया समझा जायेगा और ऐसे मामलों में आयोग व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को जारी किये गये सभी खादी चिह्न टैग या लेबल, टैग या लेबल की लागत के प्रतिदाय के बिना अपनी अभिरक्षा में लेगा।

(5) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था के खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण को रद्द कर सकेगी, जिसका उसकी राय में एक वित्तीय वर्ष की अवधि के लिए कार्य बंद है या जिसे निष्क्रिय पाया गया है या उसने खादी चिह्न के नवीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है ।

24. खादी चिह्न के रद्दकरण के मामले में शिकायत का अनुतोषः-

(1) यथास्थिति, केन्द्रीय खादी चिह्न समिति द्वारा लिये गए खादी चिह्न के निलंबन या रद्दकरण के विनिश्चय से व्यथित व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था आदेश की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर, खादी चिह्न के निलंबन या रद्दकरण के प्रतिसंहरण के लिए आयोग के अध्यक्ष के समक्ष अपील कर सकता है।

(2) अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग व्यथित व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद इस अपील की प्राप्ति की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर अपील का निपटान करेगा।

अध्याय-8
प्रकीर्ण

25. खादी चिह्न टैग तथा लेबल उपाप्त करना:-(1) खादी चिह्न रजिस्ट्रीकरण के बाद प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को सभी *खादी* और *खादी* उत्पादों पर खादी चिह्न टैग या लेबल का उपयोग करने का अधिकार होगा।

(2) आयोग द्वारा व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को समय-समय पर खादी चिह्न टैग या लेबल आयोग द्वारा नियत दर पर टैग या लेबल के उपयोग के प्रयोजन से प्रदान किया जाएगा।

(3) प्रत्येक व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था खादी चिह्न टैग या लेबलों के उपापन से कम से कम नब्बे दिन पहले आयोग के यथास्थिति संबंधित राज्य या मंडलीय या आंचलिक कार्यालयों से अनुरोध करेगा और ऐसे अनुरोध की प्राप्ति पर व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को इसकी आपूर्ति साठ दिनों के भीतर आयोग का संबंधित कार्यालय करेगा।

26. खादी चिह्न संबंधी परिवाद:- (1) *खादी* और *खादी* उत्पादों या खादी चिह्न के टैग या लेबल के दुरुपयोग संबंधी कोई परिवाद, जहाँ से *खादी* और *खादी* उत्पाद खरीदे गये हैं, उस व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था को इसकी खरीद के पंद्रह दिनों के भीतर रिपोर्ट की जाए।

(2) व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था ऐसे परिवादों का अभिलेख रखेगा और प्ररुप-4 में शिकायतकर्ता को प्राप्ति की रसीद देगा।

(3) व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था शिकायत की प्राप्ति की तारीख दस कार्य दिवस से अनधिक की अवधि के भीतर शिकायत का समाधान करेगा।

(4) यदि शिकायतकर्ता का परिवाद के अनुतोष से समाधान नहीं होता है तो यथास्थिति वह आयोग के राज्य या मंडलीय निदेशक को औपचारिक शिकायत दर्ज कर सकता है।

(5) यथास्थिति, आयोग का राज्य या मंडलीय निदेशक, शिकायत की प्राप्ति की तारीख से तीस कार्य दिवसों की अवधि में शिकायत का निपटान करेगा तथा उपयुक्त कार्रवाई करेगा।

27. प्रत्यायित अभिकरण और विपणन अभिकरण से सम्बन्धित शिकायतें.- (1) प्रत्यायित अभिकरण और विपणन अभिकरण द्वारा की गई किसी कार्यवाही या उपायों से व्यथित कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था तीस दिनों की अवधि के भीतर केन्द्रीय खादी चिह्न समिति के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकती है और केन्द्रीय खादी चिह्न समिति द्वारा ऐसे व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था और प्रत्यायित अभिकरण तथा विपणन अभिकरण को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद, नब्बे दिनों के भीतर शिकायत का निपटान करेगी।

(2) केन्द्रीय खादी चिह्न समिति के आदेश द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति या प्रमाणित खादी संस्था उप-विनियम (1) के अधीन ऐसे आदेश की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।

(3) आयोग का मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उप विनियम (2) के अधीन किसी अपील की प्राप्ति पर, पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने के बाद वह समुचित समझे, नब्बे दिनों के भीतर ऐसा आदेश पारित करेगा, जिसमें प्रत्यायित अभिकरण या विपणन अभिकरण की असंलग्नता ऐसी अवधि या अवधियों के लिए या उसे देय किसी रकम की कटौती सम्मिलित हो सकती है जैसा, वह उचित समझे।

28 अस्पष्टता का निराकरणः- उपर्युक्त में निहित किसी बात के होते हुए भी केंद्रीय सरकार ऐसे अनुदेश जारी कर सकती है जो उक्त विनियमों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक हो सकते हैं। यदि इन उपबंधों को लागू करने में कोई कठिनाई या अस्पष्टता उत्पन्न होती है तो केंद्रीय सरकार समुचित निदेश जारी कर सकती है।

प्ररुप-1

[विनियम 22 के उप विनियम (2) के खंड (क) देखें]

प्रमाणित खादी संस्थाओं के लिए 'खादी चिह्न' रजिस्ट्रीकरण प्ररुप

खादी और ग्रामोद्योग आयोग,'ग्रामोदय', 3, इर्ला रोड,
विले पार्ले(प.), मुंबई, पिन- 400 056, महाराष्ट्र, भारत.
वेबसाइट : www.kvic.org.in

केवल शासकीय प्रयोग हेतु

संस्था का नाम

आवेदन संख्या आवेदन प्राप्ति की तारीख

राज्य/मण्डल कार्यालय का नाम _____

समनुदेशित किए गए प्रत्यायित अभिकरण का नाम

कार्य प्रक्रिया

दस्तावेज	सत्यापित (√)	खादी ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारी का नाम और पदनाम	हस्ताक्षर	तारीख	टिप्पणी
सभी संलग्नकों सहित पूरी तरह से भरा गया प्राप्त आवेदन प्ररुप					
केंद्रीय खादी चिह्न समिति (सीकेएमसी) को प्रस्ताव की सिफारिश					
सीकेएमसी का अनुमोदन					
जारी किए जाने वाला/निरस्त किए जाने वाला खादी चिह्न					
खादी चिह्न टैग तथा लेबल को जारी करने की तिथि					
खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणन की प्रति					

अभिस्वीकृति रसीद

आवेदन संख्या

श्री _____ से तारीख को आवेदन पत्र प्राप्त किया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारी का हस्ताक्षर

प्रमाणित खादी संस्थाओं के लिए 'खादी चिह्न' रजिस्ट्रीकरण ग्रुप

खादी और ग्रामोद्योग आयोग,'ग्रामोदय', 3, इर्ला रोड,
विले पार्ले(पश्चिम), मुंबई, पिन-400056, महाराष्ट्र, भारत.
वेबसाइट : www.kvic.org.in

1. नाम
2- संस्था/संगठन/व्यक्ति का रजिस्ट्रीकृत पता
दूरभाष/फैक्स
3. पत्राचार का पता (यदि उपरोक्त से अलग हो तो)
दूरभाष/फैक्स

4. खादी प्रमाण पत्र सं. खादी प्रमाणपत्र वैध तिथि
प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख

5.क) संस्था/संगठन का प्रकार (जहाँ लागू हों, टिक लगाएं)

- सोसाइटी (एसआरए के अंतर्गत)
- सहकारी समिति
- शैक्षिक संस्थान
- अन्य का उल्लेख करें
- न्यास
- पंचायती राज संस्थान
- पंजीकृत सरकारी निकाय

ख– रजिस्ट्रीकरण के ब्योरे
रजिस्ट्रीकरण संख्या _____
रजिस्ट्रीकरण का स्थान _____
प्रमाणपत्र की तारीख दि दि मा मा व व
प्राधिकृत व्यक्ति का नाम व पदनाम _____

6. खादी गतिविधियों का विवरण: (√)
उत्पादन ☐ बिक्री ☐ निर्यात ☐ अन्य _____

वार्षिक उत्पादन (रु. लाख में)
वार्षिक बिक्री (रु. लाख में)

उत्पादन केंद्रों की संख्या
बिक्री केंद्रों की संख्या
कर्तिनों की संख्या
बुनकरों की संख्या
अन्य कारीगरों की संख्या
अन्य कर्मचारिवृन्द की संख्या

7. खादी और खादी उत्पादों की वार्षिक बिक्री की मात्रा

प्रवर्ग	सूती		रेशमी		ऊनी	
	फुटकर	थोक	फुटकर	थोक	फुटकर	थोक
गजाना (मीटर)						
उपयोग हेतु तैयार(संख्या)						

8. खादी चिह्न के आवेदन के लिए भुगतान का विवरण डिमांड ड्राफ्ट सं._____ राशि रु. _____ तारीख दि दि मा मा व व
बैंक _____ शाखा _____

* जब-जब संस्था/संगठन/व्यक्ति इनमें से कुछ अद्यतन करता है, तो संस्था/संगठन/व्यक्ति उसे तुरंत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के ध्यान में लाये।

रजिस्ट्रीकरण प्ररुप के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जाँच सूची

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज	टिक करें	संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज	टिक करें
सभी उत्पादन केन्द्रों और बिक्री केन्द्रों के पते और संपर्क सं. (उपाबंध-1 के अनुसार)		संगम ज्ञापन/उपनियमों की सत्यापित प्रति (व्यक्ति के लिये लागू नहीं)	
सभी विनिर्मित खादी उत्पादों की सूची तथा जिन पर खादी चिह्न लेबल लगाने का इच्छुक है (उपाबंध-2 के फॉर्मेट के अनुसार)		प्रबंध समिति के सदस्यों/न्यासियों की प्रमाणित सूची, फोटो और पहचान पत्र (पैनकार्ड/ ड्रायविंग लाइसेंस/मतदाता पहचानपत्र/पासपोर्ट की प्रति) सहित	
ब्यौरे सहित कारीगरों की सूची (उपाबंध-3 के फॉर्मेट के अनुसार)		पिछले 3 वर्ष का संपरीक्षित तुलनपत्र और लाभ हानि लेखा की प्रति	
खादी प्रमाणपत्र की प्रति (विद्यमान खादी संस्थाओं को लागू)		रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की प्रति	
खादी चिह्न के लिये खादी ग्रामोद्योग आयोग के पास जाने हेतु प्रबन्ध समिति/प्रबन्धन का प्रस्ताव (उपाबंध-4 के, फॉर्मेट के अनुसार)		राज्य स्टांप अधिनियम के अनुसार मूल्य के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (उपाबंध-5 के अनुसार)	

निबंधन और शर्तें :

1. खादी चिह्न को जारी करना एवं उसका रजिस्ट्रीकरण, खादी चिह्न विनियम, 2013 के अंतर्गत विनियमित किया जाएगा।
2. आवेदक जो इन विनियमों के अंतर्गत निर्धारित शर्तों का अनुपालन करते हैं वे खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा समय-समय पर यथा उपबंधित खादी चिह्न का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत होंगे।

नोटः प्रमाणित खादी संस्थानों को खादी की जांच, सत्यापन एवं परीक्षण करने की आवश्यकता नहीं है।

'खादी चिह्न' रजिस्ट्रीकरण के आवेदन के प्रेषण मात्र से ही आवेदक 'खादी चिह्न' का उपयोग करने का हकदार नहीं हो जाता है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरी)
मोहर और पदनाम

उपाबंध-1

सभी उत्पादन केंद्रों के पते और संपर्क

उत्पादन केंद्र 1 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	उत्पादन केंद्र 2 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः
उत्पादन केंद्र 3 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	उत्पादन केंद्र 4 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः

- यदि चार से अधिक उत्पादन केंद्र हैं तो कृपया अलग से पन्ना लगाएं।

सभी बिक्री केंद्रों के पते

बिक्री केंद्र 1 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	बिक्री केंद्र 2 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः
बिक्री केंद्र 3 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	बिक्री केंद्र 4 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः

- यदि चार से अधिक बिक्री केंद्र हैं तो कृपया अलग से पन्ना लगाएं।

IndiaCode

उपाबंध-2

खादी चिह्न का लेबल लगाये जाने वाले विनिर्मित सभी खादी उत्पादों की सूची

कृपया प्रति वर्ष बिक्री किये जाने वाली अनुमानित मात्रा का उल्लेख करें					
उत्पाद	मात्रा	उत्पाद	मात्रा	उत्पाद	मात्रा
राष्ट्रीय ध्वज		सलवार		खेस	
कमीज		लेडीज़ टॉप		मैट्रेस	
कुर्ता		मैक्सी		गलीचा	
पायजामा		स्कर्ट		बेडशीट	
पतलून		नाईट गाऊन		रजाई मदें	
जाकेट		पेटीकोट		गमछा	
बनियान		लहंगा		तौलिया	
जर्किन		चोली/कोटी		मसंद	
शेरवानी		कुशन कवर		कंबल	
अचकन		तकिया कवर		आसन	
अंतःवस्त्र		दरी		धोती	
लुंगी		साड़ी		ब्लाउज पीस	
सूट पीस		शर्ट पीस		चद्दर	
शाल		स्टोल		दस्ताना	
चुनरी		अंगवस्त्र		एप्रॉन	
टाई		स्कार्फ		मफलर	
जाकेट		टोपी		बैग/पर्स	
यार्डेज (मीटर)		थान (मीटर)		यार्न बंडल (मीटर)	
कोई अन्य मद					

टिप्पणी:- रूमाल, डस्टर क्लॉथ, पोछा, नाड़ा जैसी मदें और ऐसी अन्य छोटी मदों पर हैंग टैग या लेबल नहीं लगाया जाएगा।

उपाबंध-3

ब्यौरे सहित [illegible] सूची

उत्पादन केंद्र का नाम : _____

पता : _____

कारीगर का नाम	कारीगर पास बुक संख्या	पता	कार्य का स्वरुप (जहां लागू हो वहां टिक करें)				लिंग (पुरुष/स्त्री)	आयु	प्रति माह औसत आमदनी	बैंक/पोस्ट ऑफिस का खाता नंबर
			कतिन		बुनकर					
			परंपरागत	एनएमसी	परंपरागत	उन्नत				

प्रत्येक उत्पादन केंद्र के लिये अलग से पन्ना लगाएं।

प्रति माह औसत आमदनी = (कुल आमदनी/कार्य किए गये महीनों की संख्या)

IndiaCode

उपाबंध-4

खादी चिह्न के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग से संपर्क करने के लिये प्रबंध समिति/प्रबंधन का नमूना प्रस्ताव

(व्यक्ति के लिये लागू नहीं)

संस्था के पत्र शीर्ष पर प्रस्तुत किया जाए

प्रबंध समिति की बैठक संख्या: _____ तारीख _____

कार्यसूची मद संख्या: _____

विषय: खादी चिह्न हेतु आवेदन

IndiaCode

संकल्प

संकल्प किया जाता है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार खादी चिह्न के लिये आवेदन करने हेतु सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्री _____, सचिव _____ को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विहित सभी आवश्यक औपचारिकताओं का अनुपालन करने के लिये प्राधिकृत किया जाता है।

प्रमाणित सत्य प्रति

हस्ता/-

हस्ता/-

अध्यक्ष/सभापति

सचिव

मुहर

उपाबंध-5

स्व घोषणा के लिए फॉर्मेट

हाथ से बुना, हाथ से काता, खादी वस्त्र पर खादी चिह्न लेबल तथा टैग लगाने के लिए शपथ पत्र

(राज्य स्टॉम्प अधिनियम के अनुसार मूल्य के स्टॉम्प पेपर पर दिया जाने वाला शपथ पत्र)

दिनांकः.....

सेवा में

केन्द्रीय खादी चिह्न समिति
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय,
ग्रामोद्योग, इर्ला रोड, विले पार्ले (प.)
मुम्बई-400056

महोदय,

मैं/हम एतद्द्वारा पुष्टि करता/करते/वचन देता हूँ/देते हैं कि.....(अधिनियम/विधान का नाम जिसके अंतर्गत संस्था पंजीकृत है) के अंतर्गत पंजीकृत.....(संस्था का नाम) खादी और खादी उत्पादों की बिक्री/व्यापार कर रहा है/रहे हैं तथा हमें संहिता के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित किया गया है और हमारे पास आयोग द्वारा जारी वैद्य खादी प्रमाण पत्र है। मैं/हम पुष्टि करता हूँ/करते हैं कि

हमारी संस्था असली खादी वस्त्र तथा उत्पाद अर्थात् हाथ से काता, हाथ से बुना तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम में यथा परिभाषित प्राकृतिक रेशे का निर्माण करती है।

खादी चिह्न विनियम 2013.....से लागू है तथा अधिनियम के अनुसार कोई व्यक्ति या संस्था खादी या खादी उत्पादों की किसी रूप में या तरीके से खादी चिह्न प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना बिक्री या अन्य प्रकार से व्यापार नहीं करेगी।

उसी प्रकार किसी सूती वस्त्र की बिक्री या व्यापार खादी चिह्न धारण करने वाले इसके बिना किसी रूप में या तरीके से अन्य प्रकार से नहीं किया जाएगा।

ये खादी चिह्न लेबल तथा टैग का प्रयोग मात्र असली सूती, ऊनी, रेशमी या इन खादी वस्त्रों यानि हाथ से काते, हाथ से बने मिश्रण में किया जाएगा।

मैं/हम विनियमों के अधीन यथा विनिर्दिष्ट मात्र असली खादी वस्त्र पर खादी चिह्न लेबलों तथा टैगों के प्रयोग के लिए एक मात्र जिम्मेवार हूँगा/होंगे तथा इसका उल्लंघन होने पर हमारे/मेरे विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि उपर्युक्त सूचना सही है तथा इसका सख्ती से पालन किया जाएगा और इसके उल्लंघन होने पर मैं/हम ही जिम्मेवार हूँगा/होंगे जो मेरे/हमारे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए आवश्यक हो सकती है।

अध्यक्ष/सभापति	सचिव	कोषाध्यक्ष
(मोहर सहित)	(मोहर सहित)	(मोहर सहित)

प्ररूप-2

[विनियम 22 के उप विनियम (2) के खंड (ख) देखें]

'खादी चिह्न' रजिस्ट्रीकरण प्ररूप

खादी और ग्रामोद्योग आयोग,'ग्रामोदय', 3, इर्ला रोड,
विले पार्ले(प.), मुंबई, पिन- 400 056, महाराष्ट्र, भारत
वेबसाइट : www.kvic.org.in

केवल शासकीय प्रयोग हेतु

संस्था/संगठन/व्यक्ति का नाम

आवेदन संख्या **आवेदन प्राप्ति की तारीख** दि दि मा मा व व

राज्य/मण्डल कार्यालय का नाम _____

नियुक्त किए गए प्रत्यायित अभिकरण का नाम

(प्रमाणित खादी संस्थाओं के मामले में लागू नहीं)

कार्य प्रक्रिया

दस्तावेज	सत्यापित (√)	खादी ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारी का नाम और पदनाम	हस्ताक्षर	तारीख	टिप्पणी
[illegible]					
[illegible]					
[illegible]					
[illegible]					
[illegible]					
[illegible]					
[illegible]					

अभिस्वीकृति रसीद

आवेदन संख्या

श्री _____ **से तारीख** दि दि मा मा व व

को बैंक/शाखा _____ **डिमांड ड्राफ्ट सं.** _____ **रु.** _____ **के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा आवेदन फीस सहित सभी संलग्नकों के साथ आवेदन पत्र प्राप्त किया।**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारी का हस्ताक्षर

प्रमाणित खादी संस्थाओं के लिए 'खादी चिह्न' रजिस्ट्रीकरण प्रपत्र

खादी और ग्रामोद्योग आयोग,'ग्रामोदय', 3, इर्ला रोड,
विले पार्ले(पश्चिम), मुंबई, पिन-400 056, महाराष्ट्र, भारत
वेबसाइट : www.kvic.org.in

1. नाम
2- संस्था/संगठन/व्यक्ति का रजिस्ट्रीकृत पता

दूरभाष/फैक्स

3. पत्राचार का पता (यदि उपरोक्त से अलग हो तो)

दूरभाष/फैक्स

4.क) संस्था/संगठन/व्यक्ति का प्रकार (जहाँ लागू हो उस पर टिक लगाएं)

- सोसायटी (एसआरए के अंतर्गत) ☐
- सहकारी सोसायटी ☐
- कंपनी ☐
- स्व-सहायता समूह ☐
- उद्यमी ☐
- न्यास ☐
- पंचायती राज संस्थान ☐
- रजिस्ट्रीकृत सरकारी निकाय ☐
- शैक्षिक संस्थान ☐
- अन्य, उल्लेख करें ☐

ख. रजिस्ट्रीकरण का विवरण

रजिस्ट्रीकरण संख्या _____
रजिस्ट्रीकरण का स्थान _____
प्रमाणपत्र की तारीख
प्राधिकृत व्यक्ति का नाम व पदनाम _____
_____

5. खादी की गतिविधियों का विवरण (√)

उत्पादन ☐ बिक्री ☐ निर्यात ☐ अन्य _____

वार्षिक उत्पादन (रु. लाख में)
वार्षिक बिक्री (रु. लाख में)

उत्पादन केंद्रों की संख्या
बिक्री केंद्रों की संख्या
कत्तिनों की संख्या
बुनकरों की संख्या
अन्य कारीगरों की संख्या
अन्य स्टाफ की संख्या

6. खादी और खादी उत्पादों की वार्षिक बिक्री की मात्रा

श्रेणी	सूती		रेशमी		ऊनी	
	फुटकर	थोक	फुटकर	थोक	फुटकर	थोक
यार्डेज (मीटर)						
उपयोग हेतु तैयार (संख्या)						

7. खादी चिह्न के आवेदन के लिए भुगतान का विवरण डिमांड ड्राफ्ट नं_____ राशि रु. _____ तारीख
बैंक _____ शाखा _____

- जब-जब संस्थान/संगठन/व्यक्ति इनमें से किसी का अद्यतन करता है तो संस्थान/संगठन/व्यक्ति इसे तुरंत खादी और ग्रामोद्योग आयोग को सूचित करें।

Indiacode

रजिस्ट्रीकरण प्ररूप के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों की जाँच सूची

उपाबद्ध किए जाने वाले दस्तावेज	टिक करें	उपाबद्ध किए जाने वाले दस्तावेज	टिक करें
सभी उत्पादन केन्द्रों और बिक्री केन्द्रों के पते और संपर्क सं. (उपाबंध-1 के अनुसार)		संगम ज्ञापन/उपनियमों की सत्यापित प्रति	
सभी विनिर्मित खादी उत्पादों की सूची जिन पर खादी चिह्न लेबल लगाना है (उपाबंध-2 के फारमेट के अनुसार)		प्रबंध समिति/बोर्ड के सदस्यों/न्यासियों की प्रमाणित सूची, फोटो और पहचान पत्र (पैनकार्ड/ ड्रायविंग लाइसेंस/मतदाता पहचानपत्र/पासपोर्ट की प्रति) सहित	
ब्यौरे सहित कारीगरों की सूची (उपाबंध-3 के फारमेट के अनुसार)		पिछले 3 वर्ष का संपरीक्षित तुलनपत्र और लाभ हानि खाते की प्रति	
खादी चिह्न के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग से सम्पर्क करने के लिए प्रबंध समिति/प्रबंधन का प्रस्ताव (उपाबंध-4 के फारमेट के अनुसार)		रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति	
राज्य स्टाम्प अधिनियम (उपाबंध 5 के अनुसार) के अनुसार मूल्य के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र			

निबंधन और शर्तें :

1. खादी चिह्न का जारी होना खादी चिह्न विनियम, 2013 द्वारा शासित किया जाएगा।
2. आवेदक को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा समय-समय पर नियुक्त प्रत्यायित अभिकरणों द्वारा खादी नमूनों की जाँच, सत्यापन और परीक्षण कराना होगा।
3. आवेदकों जो इन विनियमों के अधीन विहित सभी शर्तों का अनुपालन करता है, उन्हे खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा समय-समय पर यथा उपबंधित खादी चिह्न का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

नोटः प्रमाणित खादी संस्थाओं को खादी की जांच, सत्यापन एवं परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं है।

'खादी चिह्न' हेतु आवेदन पत्र के प्रेषण मात्र से ही आवेदनकर्ता 'खादी चिह्न' उपयोग करने का पात्र नहीं हो जाता है।

मैंने/हमने खादी चिह्न से संबंधित निबंधन और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ और समझ लिया है और मैं/हम साथ ही आश्वस्त करता हूँ/करते हैं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी और मेरे/हमारे द्वारा अनुलग्नित दस्तावेज सत्य और सही हैं। मैं/हम आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांत के अनुसार समय-समय पर बनाये गये नियम और विनियमों का पालन करने के लिये सहमत हूँ/हैं। मैं/हम ऐसा कोई कार्य कभी नहीं करेंगे जो खादी की विचारधारा का उल्लंघन कर सकता है।
और, मैं/हम 'खादी चिह्न' का दुष्प्रयोग न करने का वचन देते हैं।

स्थान ----------
तारीख ----------

(प्राधिकृत हस्ताक्षरी)
मोहर और पदनाम

IndiaCode

उपाबंध-1

सभी उत्पादन केंद्रों के पते और संपर्क क्रमांक

उत्पादन केंद्र 1 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	उत्पादन केंद्र 2 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः
उत्पादन केंद्र 3 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	उत्पादन केंद्र 4 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः

- यदि चार से अधिक उत्पादन केंद्र हैं तो कृपया अलग से पन्ना लगाएं।

सभी बिक्री केंद्रों का पता

बिक्री केंद्र 1 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	बिक्री केंद्र 2 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः
बिक्री केंद्र 3 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/ पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः	बिक्री केंद्र 4 स्वामित्व की स्थितिः स्वयं का/पट्टे पर/किराये पर विद्यमान/प्रस्तावित (टिक √ करें) पताः दूरभाषः फैक्सः

